प्रेम तुमसे किया तो गलत क्या किया ज़िन्दगी ये अब तो

प्रेम तुमसे किया,
तो गलत क्या किया,
प्रेम तुमसे किया,
तो गलत क्या किया,
ज़िन्दगी ये अब तो तेरे,
नाम है सांवरे ||

लोग कहते है की,
मै तो हूँ खुश नसीब,
श्याम प्रेमी हूँ मै,
श्याम मेरे करीब,
दिल जो तुमको दिया,
तो गलत क्या किया,
दिल जो तुमको दिया,
तो गलत क्या किया,
जिन्दगी अब तो तेरे,
नाम है सांवरे ।।

प्रेम में हार का,
भी अलग है मजा,
कोई समझे खुशी,
कोई समझे सजा,
चैन भी खो दिया,
तो गलत क्या किया,
चैन भी खो दिया,
तो गलत क्या किया,

ज़िन्दगी ये अब तो तेरे ,
नाम है सांवरे ||

है भरोसा मुझे ,
श्याम आएँगे जरूर,
प्यार अपना मोहित,
वो लुटाएंगे जरूर,
ये भरोसा किया,
तो गलत क्या किया,
ये भरोसा किया,
तो गलत क्या किया,
ज़िन्दगी ये अब तो तेरे,
नाम हे सांवरे ||

प्रेम तुमसे किया,
तो गलत क्या किया,
प्रेम तुमसे किया,
तो गलत क्या किया,
ज़िन्दगी ये अब तो तेरे,
नाम हे सांवर ।।